
Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

www.vbspu.ac.in

# महिलाएं आत्मनिर्भर बनें: कुलपति
# 17-10-2020

मिशन शक्ति मेगा लांच के अंतर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति मेगा लांच कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को ऑनलाइन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा के प्रति काफी गंभीर है। देश में महिलाओं की आबादी लगभग **50** फ़ीसदी है, ऐसे में इस तरह की अभियान की आवश्यकता और बढ़ जाती है। उन्होंने आदिकाल और उत्तर मध्यकाल में नारी की स्थितियों पर विस्तृत चर्चा की। कहा कि **21**वीं सदी में महिला अपनी अस्मिता की तलाश कर रही है उन्होंने आह्वान किया कि नारी आत्मनिर्भर बने, इसके लिए विश्वविद्यालय महिलाओं द्वारा बनाई गई हस्तकला, हस्तशिल्प की वस्तुओं के विक्रय के लिए दुकान के रूप में प्लेटफार्म देगा। कार्यक्रम में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट उषा वर्मा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं आर्थिक रूप से ही आत्मनिर्भर न बने बल्कि अपनी सोच को भी आत्मनिर्भर बनाना होगा । उन्होंने लैंगिक भेदभाव और घरेलू हिंसा आदि विषयों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में डिप्टी एसपी प्रेम प्रकाश ने कहा कि संविधान और कानून में कहीं भी लड़कों और लड़कियों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है। इसके लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा से संबंधित विभिन्न धाराओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं को अन्याय के खिलाफ सतर्कता के साथ आवाज उठानी होगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडवोकेट श्रीमती मंजू शास्त्री पास्को एक्ट, दहेज उत्पीड़न पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए कहा कि महिलाएं जब तक आत्मनिर्भर नहीं बनेगी तब तक भारत विश्व गुरु नहीं बन सकता। कार्यक्रम का संचालन संयोजक डॉ जाह्नवी श्रीवास्तव ने किया। समारोह में कुलगीत डॉ. अनामिका ने प्रस्तुत किया।समारोह में कुलसचिव सुजीत कुमार जायसवाल, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. देवराज सिंह, राष्टीय सेवा योजना समन्वयक श्री राकेश कुमार यादव, डॉ. जगदेव, डॉ सुनील कुमार, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. चंदन सिंह, डॉ झासी मिश्रा, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ वनिता सिंह, सुश्री जया शुक्ला, जगदीश मौर्य आदि ने प्रतिभाग किया।

# सोशल एकाउंट को स्ट्रांग बनाएं महिलाएं : डॉ. अर्चना शिवहरे
# 21-10-2020

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत कुलपति निर्मला एस मौर्य के अभिप्रेरणा से साइबर सुरक्षा एवं लैंगिक हिंसा पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।
मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अर्चना शिवहरे पुलिस महानिरीक्षक राज्य अपराध रिकार्ड ब्यूरो गांधीनगर ने जुड़कर सभी शिक्षकों एवं छात्रों को साइबर सुरक्षा एवम् लैंगिक हिंसा के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बच्चों को विशेष सावधानी बरतनी होगी क्योंकि वेबसाइट से उनकी फोटो लेकर इंटरनेट पर दुरुपयोग किया जा सकता है जो कि साइबर क्राइम के अंतर्गत आता है ऐसे में महिलाओं को अपने अकाउंट का पासवर्ड बहुत स्ट्रांग बनाना चाहिए नाम जन्मदिन आदि का पासवर्ड नहीं बनाना चाहिए। अलग–अलग एकाउंट का पासवर्ड अलग–अलग बनाना चाहिए, अपने क्रेडिट कार्ड का नंबर किसी को शेयर नहीं करना चाहिए। पब्लिक डोमेन में अपने मोबाइल का ब्लूटूथ या वाईफाई ऑन नहीं रखना चाहिए एवं सोशल मीडिया पर अपना लोकेशन शेयर नहीं करना चाहिए क्योंकि इससे उसका पूरा डाटा हैक किया जा सकता है।
उन्होंनेयह भी बताया कि यदि किसी भी तरह का अत्याचार महिलाओं पर हो रहा है तो उसे इसके लिए कानूनी मदद लेनी चाहिए और साथ ही साथ इस बात पर असंतोष जताया कि जितने अपराध महिलाओं के साथ हो रहे हैं उतनी शिकायतें प्रकाश में नहीं आती है, इसके लिए महिलाओं को स्वयं से आवाज उठाना होगा जागरूक होना होगा और अत्याचार को सहन नहीं करना होगा क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं के सम्मान सुरक्षा के लिए सराहनीय प्रयास कर रही है। साइबर क्राइम के अपराधियों को पकड़ना चुनौतीपूर्ण है। अतः स्वयं से जागरूक रहना होगा।


विशिष्ट अतिथि डॉ. पूनम तिवारी सचिव नारी शक्ति संस्थान आजमगढ़ ने कहा कि नारी के प्रति हो रहे अत्याचार एक सामाजिक बीमारी है अतः सरकार की पहल मिशन शक्ति एक सराहनीय कदम है।

मुख्य अतिथि डॉ. अंजू सिंह सचिव ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति सिंगरामऊ ने कहा कि मां शक्ति की असली पूछा तब मानी जाएगी जब प्रत्येक महिला स्वयं को सुरक्षित महसूस करेगी। इसके लिए इस तरह के जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। गांव में जाकर नाटक रंगमंच लघुकथाएं आदि के माध्यम से भी जागरूक किया जा सकता है।

मुख्य अतिथि का स्वागत जया शुक्ला मुख्य वक्ता का स्वागत डॉ. वनिता सिंह, विशिष्ट अतिथि का स्वागत डॉ. झांसी मिश्रा, संचालन कार्यक्रम समन्वयक मिशन शक्ति डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव तथा आभार ज्ञापन डॉ. राकेश यादव एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सहयोग आयोजक मंडल डॉ. प्रियंका, डॉ. जगदेव, डॉ. नीतीश, श्रीमती करुणा, अनामिका, डॉ. धीरेंद्र चौधरी, डॉ. शशिकांत, अवनीश ने किया। कार्यक्रम में सहभागिता प्रोफेसर मानस पांडेय, प्रोफ़ेसर देवराज, प्रोफेसर राम नारायण, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. राजकुमार सोनी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर , डॉ. सुनील, डॉ. चंदन , नूपुर तिवारी, आकांक्षा श्रीवास्तव आदि ने किया।

# महिला अधिकार और सामाजिक जागरूकता विषयक वेबिनार का हुआ आयोजन
## 27-02-2021



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिला अधिकार एवं सामाजिक जागरूकता विषयक वेबीनार में वक्ताओं द्वारा महिला सशक्तिकरण के विविध आयामों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि महिलाओं को निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। महिलाएं सब की बात सुने लेकिन जो अंतिम निर्णय हो उसे अपने बुद्धि विवेक से लेना होगा। उन्होंने कहा कि नारी अबला नहीं सबला है, नारी धैर्यवान हैं, सिर्फ जरूरी है महिलाओं के आत्मसम्मान को जगाना।वेबीनार की मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय की आचार्य डॉ वंदना राय ने महिलाओं से संबंधित कानूनी पहलुओं पर विस्तार पूर्वक अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों को हमें खुद जानना होगा और उसको पाने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। सहायक कुलसचिव बबीता सिंह ने कहा कि महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी निर्णय लेने के अधिकार से वह वंचित है। उन्होंने पारिवारिक और सामाजिक बंधनों पर भी अपनी बात रखी। महिला मुद्दों पर लंबे समय से कार्य करने वाली श्री रामानंद सरस्वती पुस्तकालय जोकहरा आजमगढ़ की निदेशक, हिना देसाई ने कहा कि हमें अपनी विशेषताओं को पहचान कर उस पर काम करने की जरूरत है और जो कमियाँ है उसे भी हमें ही दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक महिला पुरुषों के बराबर समाज में ना हो जाए तब तक समानता और सशक्तिकरण की बात करनी होगी। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ प्रतिभा सिंह ने कहा कि लड़के और लड़कियों में दहेज विरोधी व्यवहार की भावना को जागृत करना जरूरी है |इसी क्रम में पुलिस सब इंस्पेक्टर शिवानी ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए टोल फ्री नंबर 181 जो वूमेन हेल्पलाइन नंबर है और 1090 वूमेन पावर लाइन जिसमें महिलाओं की पहचान गोपनीय रखी जाती है।कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति की संयोजक डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने एवं आभार डॉ राकेश यादव ने व्यक्त किया। तकनीकी सहयोग डॉ धीरेंद्र चौधरी ने किया इस अवसर पर मिशन शक्ति की पूरी टीम डॉक्टर जगदीश, डॉक्टर झांसी मिश्रा, डॉ अनीता सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ पूजा सक्सेना, प्रो अविनाश पाथर्डीकर, प्रोफेसर अजय प्रताप,डॉ मनोज मिश्रा , डॉ दिग्विजय सिंह राठौर,चंदन राय, डॉ माया सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र एवं अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# बेटी पैदा होने पर ढोल बजाकर स्वागत करें : कुलपति
# 23-10-2021

पीयू में समूह की महिलाओं की हुई गोद भराई

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को महिला अध्ययन केंद्र द्वारा गर्भ संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समूह की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई।





इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि गर्भ में बच्चों की देखरेख मातृशक्ति जिस भाव से करती हैं वह सबसे कठिन कार्य है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं गर्भवती हो तो उन्हें पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। मुख्य रूप से उन्हें हरी साग सब्जी का सेवन करना चाहिए। जैसा खाएंगे अन्न वैसा होगा मन की कहावत चरितार्थ है। उन्होंने कहा कि जिस मां को बेटी हो वह उनका स्वागत ढोल बजाकर करें।इंजीनियरिंग संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफ़ेसर बीबी तिवारी ने महिलाओं को शुभ आशीष दिया कहा कि मां की जगह कोई नहीं ले सकता।कार्यक्रम में शशिकांत त्रिपाठी एवं त्रिभुवन पांडेय ने वैदिक रीति से गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार पूर्ण कराया। उन्होंने संस्कार के मंत्रों का पाठ कर लोगों को संकल्प दिलाया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर प्रो देवराज सिंह, डॉ मनोज मिश्र, एनएसएस समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ सुनील कुमार,डॉ विनय वर्मा, शशिकांत यादव, डा धीरेन्द्र चौधरी, अन्नू त्यागी, डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ.पूजा सक्सेना डॉ जया शुक्ला आदि शामिल थीं।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

# महिलाएं वोट की ताकत को समझें: कुलपति

# 25-11-2021

वोट के प्रति जागरूकता का लाभ अगली पीढ़ी को मिलेगा: डॉ अंकिता राज

महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कुलपति ने दिलाई शपथ





वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में गुरुवार को महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग की ओर से किया गया। इसके प्रायोजक गौतम ग्रुप/साड़ी सम्राट लोकप्रिया परिचय एंड एजेंसी हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शास्त्रों में नारियां पूज्यनीय मानी जाती है। महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिलाएं कहीं कमजोर नहीं है वह वह सब कुछ कर सकते हैं जो पुरुष करते हैं। आज महिलाओं को सकारात्मक सोच रखने और अपनी ताकत को पहचानने की जरूरत है तभी वह समाज में आगे जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला मतदाता जागरूकता अभियान में जो विचारों का संप्रेषण हुआ है वह बहुत ही आसानी से लोगों तक संप्रेषित हुआ है। इसके लिए कार्यक्रम के आयोजक और प्रायोजक दोनों का सहयोग सराहनीय है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वह अपने बच्चों को सोचने समझने का मौका दें उन्हें विचारों की आजादी दें तभी वह समाज के लिए कुछ अच्छा कर सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ. अंकिता राज ने कहा कि महिलाओं को अपनी सोच और समझ के साथ मतदान में हिस्सा लेना चाहिए क्योंकि यह निर्णय एक दिन का नहीं पूरे पांच साल का होता है। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए महिलाओं का आज का संघर्ष उनकी आने वाली पीढ़ियों को देखने को मिलेगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वह अपनी अलग पहचान बनाए। इस अवसर शिवम् सिंह कार्तिक सेठी और करने सिंह समेत कई विद्यार्थियों ने विचार व्यक्त किए।

इसके बाद मतदाता जागरूकता के संदर्भ में नाटक का मंचन किया गया और सभी मतदाताओं को कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने शपथ दिलाई। नाटक में महवीन, जिया, वैष्णवी सोनी, आदित्य मोदनवाल रिया हर्षिता सौम्या समेत दर्जनों छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर प्रधान अध्ययन संकाय के पूर्व डीन प्रो.मानस पांडेय ने महिला मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के प्रति आयोजक और प्रायोजक के प्रति आभार जताया।








अतिथियों का स्वागत फिरदौस फातिमा, संचालन शिफा अरसद, रीतिका और धन्यवाद ज्ञापन आस्था पांडेय ने किया।

इस अवसर पर प्रो.मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो.देवराज सिंह, डा . नुपुर गोयल, डॉ आशुतोष सिंह, डॉ. मुराद अली, डॉ. गिरधर मिश्र, अनु त्यागी, डॉ सुनील कुमार, डॉ पुनीत धवन, इंद्रेश गंगवार आदि उपस्थित थे।

# बैड टच का बच्चियां करें विरोध : प्रो॰ निर्मला एस॰ मौर्य
# 30-11-2021

## सामाजिक बुराई रोकने के लिए बच्चियां आगे आएं: डॉ.अंकिता राज

## 'गुड टच एवं बैंड टच एवं चुप्पी तोड़ो मुंह खोलो' कार्यशाला का हुआ आयोजन



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान के नवाचार केंद्र में मंगलवार को महिला अध्ययन केंद्र एवं मिशन शक्ति द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'गुड टच एवं बैंड टच तथा चुप्पी तोड़ो मुंह खोलो' कार्यशाला का आयोजन मिशन शक्ति फेज -3 के अन्तर्गत किया जा रहा है। यह आयोजन माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनन्दीबेन पटेल के निर्देश और कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य के प्रेरणा से किया गया है।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि बच्चियों और महिलाओं पर बुरी नीयत और शोषण की शुरुआत उनके घर के आसपास से ही शुरू होती है। इस तरह की हरकत करने वाले लोग उन्हें डराते है और ब्लैकमेल कर शोषण करते रहते हैं। उन्होंने बच्चियों को ऐसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि समाज से इस बुराई को खत्म करने के लिए बच्चियों और महिलाओं को आगे आना होगा।

कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि कार्यशाला का विषय संवेदनशील है। बैड टच के प्रति बच्चियों को जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस मामले में बच्चियां शांत न रहकर मुखर हों, नहीं तो यह एक घर के बाद दूसरे घर फिर धीरे- धीरे पूरे समाज में फैल जाएगी, जो परिवार के साथ, समाज और पूरे देश की बच्चियों और महिलाओं के लिए खतरा है।

आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डा. अंकिता राज ने बच्चियों और महिलाओं को बैड टच का मुंहतोड़ जवाब देने की नसीहत दी। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से बच्चियों को बैड टच के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि बिना भुक्तभोगी की पहल के इस बुराई को नहीं रोका जा सकता।

समाजसेवी नीतू सिंह ने कहा कि बच्चियां लक्ष्य बनाकर शिक्षा ग्रहण करें और आत्मनिर्भर बनकर बैड टच जैसी बुराई का सामना करें।कार्यक्रम संयोजक डॉ जान्हवी श्रीवास्तव ने कहा कि समाज में बुराइयों को रोकने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व स्कूलों और आंगनबाड़ी से आई बच्चियों को पुस्तक की किट और सामग्री कुलपति द्वारा भेंट की गई।

इस अवसर पर समाजसेवी नीतू सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, प्रो. वंदना राय, डॉ नुपुर तिवारी, अन्नू त्यागी, डॉ. पूजा सक्सेना, डॉ. वनिता सिंह, डा. प्रियंका कुमारी, डॉ.रेखा पाल, सोनम झा आदि उपस्थित थीं।

# डर को मन से निकालें महिलाएं- पद्मश्री फूलबासन बाई यादव 13-02-2022

## राष्ट्रीय महिला दिवस पर वेबिनार का हुआ आयोजन







वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महिला अध्ययन केंद्र एवं अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला आत्मनिर्भरता-एक सामाजिक चुनौती विषयक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य जी की प्रेरणा से किया गया।

सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ की प्रख्यात समाजसेविका पद्मश्री फूलबासन बाई यादव ने कहा कि माँ अद्भुत है उसने तो भगवान को भी जन्म दिया है। महिला का सबसे बड़ा दुश्मन डर है और जिस दिन उस डर को भगा देती है उस दिन वो कुछ भी कर सकती है।

उन्होंने कहा कि मेरे पास ग़रीबी के अलावा कुछ नहीं था पूरा परिवार भूखे पेट रहता था ।इसलिए भगवान किसी को ग़रीबी न दें। उन्होंने कहा कि **13** वर्ष की उम्र में शादी हुई गाँव की बकरी चराने का काम करती थी। दो बेटा और बेटी की माँ बन गयी,मेरे बच्चे भूख के कारण खड़े नहीं हो पा रहे थे। जीवन को खत्म करने की सोचा लेकिन फिर हिम्मत जुटाई। **11** महिलाओं से शुरू हुआ स्वयं सहायता समूह आज फिर **2** लाख महिलाओं को जोड़ रखा है। यह सोसायटी अब कम्पनी है।

उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूँ महिलाओं को आगे बढ़ना है तो सब महिलाओं को साथ आना होगा समूह बनाकर रोज़गार पैदा करना होगा तभी महिलाएँ आर्थिक सम्पन्न होंगी और समाज सम्पन्न होगा। काम की कमी नहीं है ।बस काम करने वाला चाहिए। सरकार किसी गरीब की सहायता कर सकती है उसे अमीर नहीं बना सकती। गरीब समूहों के माध्यम से आर्थिक सम्पन्न बन सकते है।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉगर एवं यात्रा लेखिका डॉ. कायनात काजी ने कहा कि आज महिलाओं के सशक्तिकरण को देख कर बहुत सुखद अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि पद्मश्री फूलबासन यादव जी महिलाओं के लिए प्रेरणा की स्रोत है।अतिथियों का स्वागत अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर अजय प्रताप सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने किया।आयोजन सचिव डॉ दिग्विजय सिंह राठौर में अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया।कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, प्रभारी महिला अध्ययन केंद्र ने संचालन किया। डॉ. जान्हवी ने राष्ट्रीय महिला दिवस प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सरोजनी नायडू जी को नमन किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर, प्रोफेसर बीडी शर्मा , प्रोफेसर देवराज,डॉ अन्नू त्यागी, डॉ गिरधर, डॉ धीरेंद्र चौधरी , डॉ मंगला यादव, डॉ पूजा सक्सेना , डॉ वनिता, डॉ जया शुक्ला, डॉ रेखा पाल, डॉ सोनम झा, डॉ अंजू रानी सिंह, डॉ पूनम श्रीवास्तव, डॉ मधुलिका, रोली,शुभी, मधुलिका श्रीमती संजू श्रीवास्तव,डॉ सुनील कुमार, डॉ अवध बिहारी सिंह,शशिकांत यादव, विभव सिंह समेत अन्य लोग शामिल हुए।

**Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, 222003 (U.P.)**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ. प्र.)

**www.vbspu.ac.in**

# छात्राओं को प्राथमिक उपचार के लिए प्रशिक्षित करें : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

## 10-06-2022

**बालिका हेल्थ क्लब और महिला अध्ययन केंद्र कक्ष का उद्घाटन**




वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में बालिका हेल्थ क्लब और संकाय भवन में महिला अध्ययन केंद्र का उद्घाटन कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मिशन शक्ति के तीसरे चरण की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं की सुविधा के लिए नए-नए इंतजाम कर रहीं हैं। बालिकाओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों के चलते अब राज्य के सभी विश्वविद्यालयों और महिला महाविद्यालयों में बालिका हेल्थ क्लब की शुरुआत की गई है। इसके सहारे वहां पढ़ने वाली छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बंधित प्राथमिक उपचारों के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में बनने वाले इन सभी हेल्थ क्लब में छात्राओं के लिए अगस्त से दिसंबर के बीच स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया जाएगा ताकि उन्हें स्वस्थ रखा जा सके। इसी तरह महिला अध्ययन केंद्र की स्थापना भी महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण के लिए की गई है।लगातार विश्वविद्यालय में पिछले डेढ़ वर्षो से कुलपति के निर्देशन में गाँव एवं ब्लॉक स्तर पर शासन तथा राजभवन के निर्देशानुसर महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन से सम्बंधित कार्यक्रम चलाए जा रहे है। नए सत्र से महिला अध्ययन में शोध, पीजी डिप्लोमा एवं डिग्री कोर्स भी चलाया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन महिला अध्ययन केंद्र की प्रभारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने और धन्यवाद ज्ञापन संकायाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने किया।

इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. रामनारायण, डॉ. संगीता साहु, डॉ. मनोज मिश्र, डॉ. लक्ष्मी मौर्य, डॉ गिरधर मिश्र, डॉ शशिकांत, डॉ विनय वर्मा, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. प्रियंका कुमारी, डा. रेखा पाल, आनंद सिंह, डॉ. संजय शर्मा, अभिषेक सिंह, धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद थे।